हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
11 जून 2025, समय 1810

<u>मुख्य समाचार :-</u>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे के लिए भारत का प्रयास आत्मनिर्भर भारत की नींव है।
- केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश के इतिहास में मोदी सरकार का 11 वर्ष का कार्यकाल "संकल्प से सिद्धि" का काल है।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिरसा में संत कबीर दास जयंती पर सफाई कर्मचारियों के वेतन में 2100 रुपये की वृद्धि की घोषणा की।
- ऐलनाबाद के सरकारी अस्पताल के पास 30 बेड का नया, नशा मुक्ति केंद्र बनाया जाएगा।
- पिछले एक दशक में भारत के परिवहन क्षेत्र के बुनियादी ढांचों में परिवर्तनकारी बदलाव हुआ है।

***********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे के लिए भारत का प्रयास सतत और दीर्घकालिक दृष्टि से प्रेरित है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत की नींव रख रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचे में क्रांति के ग्यारह साल हो गए हैं। इस दौरान बेहतरीन बुनियादी ढांचे बनाए गए हैं। इससे भारत की विकास में गति आई है। उन्होंने कहा कि रेलवे से लेकर राजमार्ग और बंदरगाह से हवाई अड्डा तक भारत का तेजी से फैल रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क जीवन को आसान बना रहा है और समृद्धि को बढ़ा रहा है।

***********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महान कवि और समाज सुधारक संत कबीरदास को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्रीमोदी ने कहा कि उनके दोहों में शब्दों की सरलता और भावनाओं की गहराई है।

<u>*संत कबीरदास जी ने अपनी साखियों और दोहों के माध्यम सामाजिक समानता, शांतिऔर भाईचारे पर बल दिया। उन्होंने कहा जाति न पूछो साधू की, पूछलीजिए ज्ञान और लोगों से अपील की वे धर्म और जाति से ऊपर उठकर लोगों को ज्ञान केआधार पर मानें उनका सम्मान करें। उनकी बातें आज सदियों बाद भी उतनी ही प्रभावीहैं।*</u>

*********************************************************************

केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश के इतिहास में मोदी सरकार का यह कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यकाल विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के "संकल्प से सिद्धि" का काल है।मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर आज अंबाला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए श्री गुर्जर ने कहा कि कुर्सी वही है, सिर्फ व्यक्ति बदला है जिसने देश को बदला है।

केंद्रीय मंत्री ने मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियां गिनवाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत की सोच में जहां तकनीक है, वहीं तरक्की भी निहित है।उन्होंने कहा कि 2014 से पहले के भारत में भ्रष्टाचार, घोटालों और तुष्टिकरणका बोलबाला था लेकिन अब विकास, अविष्कार और नवाचार की बातें हो रही

हैं। अब पैसा सीधे लोगों के बैंक खातों में पहुँच रहा है। आयुष्मान भारत योजना से गरीबों का मुफ्त इलाज हो रहा है।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पहले हम आयात पर आश्रित थे, आज मेक इन इंडिया की ताकत से निर्यात में आगे बढ़  रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में देश सशक्त निर्णय लेने में सक्षम हो रहा है। पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में रक्षा क्षेत्र में भी भारत आत्मनिर्भर बन रहा है।

*******************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि संत कबीर भारतीय संस्कृति की 'सर्वधर्म समभाव' और 'वसुधैव कुटुम्बकम्' परम्परा के संवाहक और इतिहास के अनमोल रत्न थे।मुख्यमंत्री संत कबीर दास जी की जयंती के अवसर पर सिरसा में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संत कबीर जी के विचारों को आगे बढ़ाते हुए आजादी के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आधुनिक भारत के निर्माण में बड़ी भूमिका निभाई है। पिछले 11 सालों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने कल्याणकारी योजनाएं चलाकर गरीबों को सशक्त व मजबूत करने का काम किया है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सफाई कर्मियों के हित में कई घोषणाएं की।

इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने सिरसा में बन रहे संत सरसाई नाथ मेडिकल कॉलेज में 100 बेड का नशा मुक्ति केंद्र और ऐलनाबाद के सरकारी अस्पताल के पास 30 बेड का नया नशा मुक्ति केंद्र बनाने की घोषणा की। उन्होंने डबवाली में स्थित नशा मुक्ति केंद्र में 10 बेड की संख्या को बढ़ाकर 30 बेड करने की घोषणा भी की।

***************************************************************************

भारत ने सेवा,सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरितहोकर एक दशक तक उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार केप्रयासों पर एक विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इसी कड़ी में आज, हम भारत के परिवहन बुनियादी ढांचे के परिवर्तन परध्यान केन्द्रित करते हुए जानकारी दे रहे हैं।

*पिछलेदशक में भारत ने समग्र और एकीकृत दृष्टिकोण से अभूतपूर्व पैमाने पर बुनियादीढांचों का विकास देखा है। राजमार्ग निर्माण का दैनिक औसत बढ़कर अब तक के उच्चतमस्तर 34 किलोमीटरप्रतिदिन पर पहुंच चुका है, जो 2014 कीतुलना में लगभग तीन गुना है। भारतमाला परियोजना के अंतर्गत, आर्थिकगलियारे विकसित करने और रसद लागत को कम करने के लिए 20 हजारकिलोमीटर से अधिक राजमार्गों का निर्माण किया गया है। वहीं, प्रधानमंत्रीग्राम सड़क योजना के तहत 2014 सेअब तक 7 लाख 80 हज़ारकिलोमीटर से अधिक की लम्बाई की सड़कों के निर्माण के द्वारा ग्रामीण संपर्क 99 प्रतिशतपहुंच गया है। जबकि पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान ने एकीकृत बुनियादीढांचे के विकास के लिए 44 मंत्रालयोंऔर 36 राज्योंतथा केंद्र शासित प्रदेशों को GIS-आधारितडिजिटल प्लेटफॉर्म पर एकीकृत किया है। रेलवे की क्षमता में भी व्यापक वृद्धि हुईहै। 45 हजारकिलोमीटर से अधिक रेल मार्ग का विद्युतीकरण किया गया है तथा तीन सौ 33 जिलोंको जोड़ने वाली 68 वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेनें चलाई जा रही हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1 हज़ारतीन सौ से अधिक रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। विमानन क्षेत्र मेंउडान योजना - उड़ेदेश का आम नागरिक  केतहत 88 हवाईअड्डों को कार्यरत किया गया है। मेट्रो रेल कनेक्टिविटी अब 23 शहरोंतक फैली हुई है, जिसके साथ भारत दुनिया में तीसरासबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क बन गया है। सागरमाला कार्यक्रम के अंतर्गत*

*बंदरगाहों औरअंतर्देशीय जलमार्गों से जुड़ी 277 परियोजनाएंपूरी हो चुकी हैं। दुनिया की सबसे ऊँची चिनाब रेलवे ब्रिज, दुनियाकी सबसे लंबी राजमार्ग सुरंग - अटलऔर दुनिया की सबसे बड़ी मूर्ती - स्टैच्यूऑफ़ यूनिटी, भारत के इंजीनियरिंग करिश्माओं केअविश्वनीय प्रतीक हैं। ये सभी मील के पत्थर उत्पादकता को बढ़ावा देने के साथ-साथसंयोजकता में सुधार और 2047 तकविकसित भारत की नींव रख रहे हैं। विष्णु की रिपोर्ट के साथ, समाचारकक्ष से जया भारती।*

****************************************************************************

हरियाणा,चंडीगढ़ व पंजाब में पिछले दो दिन से भीषण गर्मी पड़ रही है। हरियाणा के राजस्थान से लगते जिलों में भी भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। ट्राईसिटी में भी  तापमान 44 डिग्री तक दर्ज किया गया।

उन्होंने कहा कि लोगों को अगले तीन दिन तक पर्याप्त पानी लेने और गर्मी से बचने की जरूरत है।

****************************************************************************